# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-345 | सागवाड़ा, मंगलवार, 6 सितम्बर, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# दिवडा बड़ा ग्राम पंचायत के वांदरवेड गांव में सागवाडा के पती पत्नी के नाम ज़मीन आवंटन की कलेक्टर से शिकायत

## प्रशासन गांवों के संग शिविर में ज़मीन आवंटन हुआ, पंचायतों में ज़मीन आवंटन के मामलों की जाँच की जाए तो कई चेहरे उजागर होंगे

**सागवाडा।** सागवाडा में कडाणा की भूमि को हड़पने का मामला अभी थमा ही नहीं है कि अब प्रशासन गांवों के संग अभियान में भी ग़लत तरीक़े से ज़मीन आवंटन का मामला सामने आ रहा है। प्रशासन गांवों के संग शिविर में भी ज़मीन आवंटन को लेकर अनियमितताएं सामने आ रही है। सागवाडा उपखंड की दिवडा बड़ा ग्राम पंचायत से जुड़े वांदरवेड गाँव में सागवाडा निवासी व्यक्ति और उसकी पत्नी के नाम कथित ज़मीन आवंटित कर देने का मामला सामने आया है। नदी किनारे नीलकंठ मंदिर के पास कथित ज़मीन आवंटन को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर उक्त आवंटन निरस्त करने की माँग की है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से चलाए गए प्रशासन गांवों के संग अभियान में भूमिहीन व्यक्तियों को ज़मीन आवंटन करने के निर्देश दिए गए थे। इधर, सागवाडा उपखण्ड क्षेत्र में ग्राम पंचायतों और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने इन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ज़मीन आवंटित कर दी हैं। ऐसा ही एक मामला दिवडा बड़ा ग्राम पंचायत के वांदरवेड गाँव में सामने आया है जहाँ सागवाडा निवासी जगदीश मोती और उसकी पत्नी के नाम ज़मीन आवंटित कर दी गई है। बताया जा रहा है कि इस आवंटन में बड़ा खेल हुआ है और इस आवंटन के पीछे भी बड़े अधिकारियों का हाथ है।



### यह बताया ज्ञापन में

गाँव वान्दरवेड पटवार हल्का दीवडा बडा तहसील सागवाडा जिला डूंगरपुर के निवासी है हमारे पैतृक खेतो के बीच में कब्जे एवं काश्तशुदा जमीन को किसी अन्य व्यक्ति जो न इस गाँव का निवासी है और न ही उसके आस पास दूर दूर तक जमीन है उसने उक्त जमीन को नाजायज आवंटन करा दिया है। आज तक इस जमीन पर हमारा कब्जा है ओर काश्त ( फसल ) हो रहा है। नाजायज आवंटन खसरा नं . 4601/3904 कंचन / जगदीश मोची के नाम से किया गया है।

निवेदन है कि उक् हमारी कब्जे एवं काश्त शुदा जमीन ( खेत ) जो हमारे पैतृको से सही कब्जे एवं काश्त करते आ रहे है । जो हमारा हक है । नाजायज आवंटन को निरस्त कराकर हम कब्जे एवं काश्त कर रहे व्यक्ति के नाम आवंटित करने की कृपा करे।

### नदी किनारे बेशक़ीमती भूमि

वांदरवेड में नीलकण्ठ महादेव मंदिर के नदी के ठीक किनारे पर ये ज़मीन स्थित है। ऐसे में बताया जा रहा है कि यह ज़मीन फ़ार्महाउस डेवलप करने के लिए दी गई थी। यह भी बताया जा रहा है कि उक्त ज़मीन पर हाल ही में विद्युत निगम की ओर से बिजली की लाइन भी डाली गई थी इस ज़मीन को बेशक़ीमती क इसलिए माना जा रहा है चूंकि नदी किनारे और मंदिर के ठीक पास में था कि भविष्य में या फ़ार्महाउस डेवलप किया जा सके। इस ज़मीन आवंटन में राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारियों का भी हाथ बताया जा रहा है।

# ओबरी में शिक्षक दिवस का हुआ आयोजन

**ओबरी।** स्थानीय विद्यालय में सरपंच शंकरलाल डामोर, ग्राम पंचायत ओबरी के कर्मचारियो के सानिध्य में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रार्चाय देवेंन्द्रकुमार जैन, मुख्य अतिथि रमेश रोत एवं विशिष्ट अतिथि रामसिंह पंवार, हीरालाल पटेल, भोपालसिंह पंवार, राजेश पंचोरी, मनोज पंचोरी, धूलेश्वर रोत, धनजीभाई पाटीदार के सानिध्य में मनाया गया। शिक्षा एवम शिक्षक की गरिमा के बारे विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने अपने कहा कि स्कूल के विद्यार्थियों को अनुशासित ढंग से रहने एवं उनके स्वयं के गुरुओं को नमन किया। विद्यालय के प्रथम सहायक भंवर कलाल ने शिक्षक दिवस पर डॉक्टर राधाकृष्णन के जवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्षेत्र के 11 विद्यालयों के 74 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष दीक्षित ने किया।

## तैयारी 2024 की - भाजपा 2019 में जहां हारी उन 144 सीटों पर मंत्रियों ने पेश की रिपोर्ट्स, रणनीति बनाई

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। नई दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में आज भाजपा की एक अहम बैठक हुई। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रमुख नेताओं के साथ उन 144 लोकसभा सीटों पर गहन विचार-विमर्श किया जिन्हें 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर पार्टी के लिए कठिन माना जा रहा है। बैठक में 25 केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार मंत्रियों को सौंपे गए 3 से 4 लोकसभा क्षेत्रों में उनके द्वारा किए गए काम को लेकर रिपोर्ट्स पेश की गईं। यहां पार्टी बूथ स्थर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। साथ ही विभिन्न समुदायों में अपनी पहुंच बढ़ाना चाहती है। इस मिशन में पार्टी की नजर खास तौर से उन लोगों पर है जिन्हें विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पार्टी नेताओं ने कहा कि इस लाइन पर काम करना जारी रखेंगे। साथ ही पार्टी नेतृत्व द्वारा ?उन्हें दिए गए निर्देशों का भी पालन करेंगे। भाजपा ने इस बैठक में उन 144 लोकसभा सीटों को लेकर रणनीति तय की, जिन पर वह पिछले लोकसभा चुनाव में बेहद मामूली अंतर से हार गई थी। साथ ही कुछ उन सीटों को लेकर भी रणनीति तय की गई जहां पार्टी पिछले चुनाव में जीती तो थी, लेकिन वहां विभिन्न कारणों से अपनी स्थिति कमजोर मान रही है सूत्रों ने बताया कि भाजपा ने इन सीटों पर जीत के लिए काफी पहले से ही काम करना शुरू कर दिया था।

## कलेक्टर ने पंचायतीराज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, कार्यो को समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश

**डूंगरपुर।** जिले के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक आज जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। बैठक में डूंगरपुर जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान अधूरे कार्यो पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और कार्यो को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए ।

डूंगरपुर जिला परिषद सभागार में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता एवं सीईओ दीपेन्द्र सिंह राठौड़ व एसीईओ ऋषि सुधांशु पांडे की मौजूदगी हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने योजनाओं की ब्लॉक वार समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने अधूरे कार्यो पर नाराजगी जताई और विकास अधिकारियो को कार्यो का प्रभावी निरीक्षण करने के तथा दिये गये लक्ष्य को समय पर पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये । इधर बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड़ ने महात्मा गांधी मनरेगा योजनान्तर्गत नर्सरी विकास एवं न्यूट्री गार्डन कार्यों, के प्रस्ताव भेजने के साथ जो कार्य स्वीकृत है, उन्हें पूर्ण कराने के निर्देश दिये है। उन्होंने कार्य के प्रभावी निरीक्षण करने एवं मोबाइल ऐप पर संधारित करने के निर्देश देते हुए महात्मा गांधी मनरेगा योजनान्तर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक फार्म पौंड, टांका एवं भवन निर्माण सामग्री केन्द्र के प्रस्तावों के बारे में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये है।




## जलझुलनी एकादशी पर निकले रथ

# शुक्लवाडा स्थित नेमा समाज के भगवान रुपचतुर्भूज मंदिर से गाजे बाजे के साथ रथयात्रा निकाली

**सागवाड़ा।** शहर में जलझुलनी एकादशी पर मंगलवार को नेमा समाज के तत्वावधान में सनातन धर्मावलम्बियों की पारंपरिक रथयात्रा निकाली। राम रवाड़ी के रूप में शुक्लवाडा स्थित नेमा समाज के भगवान रुपचतुर्भूज मंदिर से गाजे बाजे के साथ रथयात्रा निकाली। मधुसूदन संचावत व परिवार ने मंदिर तथा रथ की आरती उतारी।पहियों पर लकड़ी से बने दो मंजिला नक्काशीदार रथ को रजत छत्र, फुलहार तथा रोशनी से सजाया गया था।

पारंपरिक वेशभूषा में नेमा समाज सहित वैष्णव धर्मावलंबी भजन कीर्तन के साथ भगवान के जयकारे लगाते जा रहे थे। ?मांडवी चौक पर महिलाओं सहित समाजजनों ने देर तक गरबा रास खेला। रथयात्रा पोल का कोठा, मोचीवाड़ा होकर मसाणिया तालाब की पाल पर पहुंचा।

परंपरा के तहत जयकारों के साथ तालाब के जल में पांच श्रीफल विसर्जित किए। रथयात्रा सदरबाजार, नया बाजार व गोल चौराहा होकर गमरेश्वर महादेव मंदिर पहूंची जहां मंदिर व रथ की आरती उतारी। रथयात्रा पुन: उसी मार्ग से होकर मांडवी चौक पर चारभुजाधारी मंदिर पहूंची जहां देर तक भजन कीर्तन के बाद मनोज शाह व परिवार ने मंदिर व रथ की आरती उतारी।

## पानी लेने के लिए निकली लापता छात्रा का पेड़ से लटका मिला शव, कल शाम से छात्रा

**सीमलवाडा।** डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के गजपुर गांव में पानी लेने के लिए निकली लापता दसवीं की छात्रा का शव घर से थोड़ा दूर पेड़ से लटका हुआ मिलने पर सनसनी फैल गई। 16 वर्षीय छात्रा कल शाम से लापता थी। मौत के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

डूंगरपुर जिले के चौरासी थाने के थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया कि गजपुर निवासी 35 वर्षीय लक्ष्मी पत्नी वीरजी खराड़ी ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के लक्ष्मी खराड़ी ने बताया कि उसके तीन बेटी व एक लड़का है। उसके पति वीरजी गुजरात मे मजदूरी का काम करते है। लक्ष्मी ने बताया कि कल दोपहर को उसकी छोटी बेटी की तबियत खराब होने से वह उसे लेकर सीमलवाड़ा अस्पताल दिखाने गई थी। पीछे घर पर उसकी बड़ी बेटी 16 वर्षीय भावना , छोटी बेटी मोनिका थे। कल शाम को छोटी बेटी को दिखाकर वह वापस लौटी तो घर पर बड़ी बेटी भावना खराड़ी नही थी। जिस पर लक्ष्मी ने अपनी दूसरी बेटी मोनिका से पूछा तो मोनिका ने बताया कि भावना पानी लेने गई है। लेकिन काफी देर तक भावना नही लौटी जिस पर लक्ष्मी व अन्य लोगो ने भावना की तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। वही आज कुछ बच्चे गांव में बकरियां चरा रहे थे। इस दौरान उन्होंने भावना का शव पेड़ से लटका हुआ देखा। बच्चो ने मामले की जानकारी भावना की मां को दी। सूचना पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। वही लोगो ने मामले की सूचना चौरासी थाना पुलिस को दी। सूचना पर चौरासी थाने से हेड कॉन्स्टेबल निर्मल सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली।

# सगे भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिल कर बनाई गैंग

## रात में दुकानों के ताले तोड कर चोरी करने वाली अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा, 3 गिरफ्तार

**सागवाडा।** पुलिस ने अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा करते हुए चोरी की कई वारदातों में शामिल तीन लोगों को गिरफ़्तार किया है। इसमें दो सगे भाई हैं जिन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर गैंग बनायी थी और रात को चोरी की वारदातें करते थे। थानाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौहान ने बताया किमहावीर कुमार पिता चांदमल जैन निवासी मसानिया तालाब घांचीवाडा सागवाडा ने 13 अगस्त को रात्री को अज्ञात बदमाशों द्वारा ताले तोड कर दुकान में प्रवेश कर किराणा का सामान विमल गुटखे के कार्टुन, सरसो व सोयाबीन तेल के कार्टुन, चॉकलेट के कार्टुन, सिगरेट के 70 पैकेट, मसाला के कार्टुन व नगद रूपये चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दी थी। चोरी की रिपोर्ट के बाद एस पी के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें मनोज कुमार, लक्ष्मण लाल, भुपेन्द्र सिंह, प्रकाश, भीमराज, हेमेन्द्र सिंह, साईबर सेल डूंगरपुर की टीम का गठन जाँच शुरू की।



जिसमें दीपक (36)पिता नानुराम ननोमा मीणा, राजेश(36) पिता नानुराम ननोमा मीणा, आसपुर, दिनेश (26)उर्फ संदीप पिता कलजी कलासुआ मीणा निवासी हिंगोडा तलाई पुलिस थाना ओबरी से पुछताछ की गई ।

### अन्य वारदाते जो स्वीकार करी है

1. गुजरात राज्य के अहमदाबाद शहर के बोपल क्षेत्र मे एल.आई.सी. ऑफीस मे रात्री के समय ताले तोड कर 04 लेपटॉप चोरी करना ।
2. गुजरात राज्य के अहमदाबाद शहर के थलतेज क्षेत्र मे मोबाईल की दुकान मे रात्री के समय ताले तोड कर नकदी व मोबाईल चोरी करना ।
3. गुजरात राज्य के अहमदाबाद शहर के थलतेज व बोपल क्षेत्र मे छोटे छोटे केबिनो मे रात्री के समय ताले तोड कर कई जगह पर नकदी चोरी करना ।
4. चितरी सर्कल मे चितरी बस स्टेण्ड के पास किराणा की दुकान का ताला तोडना ।
5. चितरी सर्कल मे बडगी बस स्टेण्ड के पास केबिनो के रात्री मे ताले तोडना मगर पुलिस के आ जाने पर भाग जाना।

और भी कई वारदाते खुलने संभावना है। अभियुक्त दिनेश उर्फ संदीप पिता कलजी कलासुआ के खिलाफ पूर्व में भी पुलिस थाना कोतवाली डूंगरपुर व खैरवाडा मे चोरी व नकबजनी के कई प्रकरण दर्ज है ।

### महंगे कपडे पहनने, शराब पीने व महंगी बाईक रखने का शोक

दीपक व राजेश दोनो सगे भाई होकर गुजरात में मजदुरी करते थे। मगर दोनो को महंगे कपडे पहनने, शराब पीने व महंगी बाईक रखने का शोक होने से दोनो भाईयो ने चोरी करने की योजना बना कर अपने साथ अपने दोस्त दिनेश उर्फ संदीप को भी अपने साथ गेंग मे शामील कर दिया। फिर तीनो जनो ने मिल कर अलग अलग गेस कटर लाये व मजुदरी करना छोड दिया व रात्री के समय मे राजस्थान व गुजरात में रेकी कर के तीनो जने गेस कटर से ताले काट कर के दुकान मे प्रवेश कर के चोरी कर लेते थे। सामान बेच कर पैसे कमा कर मौज शोक मे उडा देते थे। तीनो अभियुक्तगण से पुछताछ जारी है,

## फर्जी ई-ग्रास नम्बरों का उपयोग कर लाखों रूपये का गबन, स्टाम्प वेण्डर मणीलाल गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** आसपुर थानान्तर्गत 9 नवम्बर 2021 को तत्कालीन उप पंजीयक द्वारा आसपुर थाने में तहसील कार्यालय आसपुर ने रजिस्ट्री सम्पादन के दौरान तैनात स्टाम्प वेण्डर मणीलाल पाटीदार ने कार्यालय के कम्प्यूटर से फर्जी ई-ग्रास नम्बरों का उपयोग कर उप रचित चालनो के माध्यम से रजिस्ट्री सम्पादन में कुट रचित चालनो को लगाकर लाखों रूपयो का गबन करने की एक प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। प्राथमिकी में बताया गया था कि जिनके ई-ग्रास नम्बरों का उपयोग हुआ है। उसमे स्टॉप वेण्डर मणीलाल पाटीदार, विजेश कुमार जारी ताजेंग पाटीदार के है। जिनका पुलिस थाना आसपुर में 409, 420,46, 468 प्रकरण दर्ज कर उसका अनुसंधान किया गया।

# सड़क हादसे में मां-बेटे समेत तीन की मौत, लोहारिया थाना क्षेत्र के लसाडा तालाब में हुई घटना

## डंपर ने कार को मारी टक्कर, बच्चे का एक दिन पहले मनाया था जन्मदिन

**आसपुर।** बांसवाड़ा जिले के लोहारिया थाना क्षेत्र के पालोदा के लसाडा के निकट मंगलवार को डंपर की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर तालाब जा गिरी हादसे में मां बेटे सहित तीन लोगो की मौत हो गई।

मृतकों की शिनाख्त डूंगरपुर जिले के आसपुर व बांसवाड़ा जिले के डडूका निवासी के रूप में की गई है। मृतकों का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार अमृतिया निवासी हरवीर सिंह चुंडावत (42) वर्ष पुत्र तेज सिंह चुंडावत कार से आसपुर से बांसवाड़ा जा रहे थे। इस दौरान उनके साथ उनके रिश्तेदार बांसवाड़ा जिले के डूका निवासी कृष्णा कुंवर (30) पत्नी गजेन्द्रसिंह सोलंकी व उनका बेटा परमजीतसिंह 7 वर्ष भी था। रास्ते में पालोदा के निकट तेज स्पीड में आ रहे डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कार अनियंत्रित होकर लसाडा तालाब में जा गिरी। चीखने-चिल्लाने की आवाज के बाद मौके से गुजर रहे लोग दौड़े एवं तीनों को कार से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सागवाड़ा लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर लोहारिया थानाधिकारी पूरणमल मीणा घटना स्थल पहुंचे इसके बाद सागवाड़ा मोर्चरी में तीनों शवो के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किए। कृष्णा कुंवर व परमजीत के शव का दाह संस्कार बुधवार को कुवैत से गजेन्द्रसिंह के आने के बाद होगा।




### सोमवार को मनाया था परमजीतसिंह का जन्मदिन

हादसे का शिकार हुए 7 साल के परमजीतसिंह का सोमवार को ही जन्मदिन मनाया था। दूसरे दिन मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता गजेन्द्र सिंह कुवैत में रोजगारत है। जबकि बहन गढ़ानाथजी में मामा के पास रहती है। वहीं मृतक हरवीरसिंह का एक बेटा युद्धवीर सिंह (21) और एक बेटी सुमन (18) है। युद्धवीर जयपुर में रहकर रीट की तैयारी कर रहा है। जबकि बेटी सुमन प्रथम ईयर की पढ़ाई कर रही है। हरवीर के पिता सेवानिवृत्त थानेदार हैं।

### रिश्तेदार को पालोदा छोड़ने जा रहे थे हरवीर

जानकारी के अनुसार हरवीर सिंह अपने किसी काम से बांसवाड़ा जा रहे थे। इस दौरान कृष्णा कुंवर अपने पीहर गढ़ानाथजी (डूंगरपुर) आई हुई थी। डडूका जा रही थी तो मृतका के पिता महिपालसिंह ने हरवीर सिंह को बेटी और उसके बेटे को (बांसवाड़ा) उसके ससुराल छोड़ने को कहा तो वही कृष्णा कुंवर को उसके जेठ पालोदा लेने आ रहे थे, किन्तु इससे पूर्व ही सड़क हादसे में तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। हर आंख हुई नम हादसे में तीनों की मौत की खबर आग की तरह फैल गई। सोशल मीडिया के माध्यम से लोगोने श्रद्धांजलि अर्पित की वही सागवाड़ा चिकित्सा परिसर में समाजजनों की भीड़ एकत्रित हो गई। हादसे के बाद हर आंख नम दिखी तो वही अमृतिया, गड़ा नाथजी व डूका में चूल्हे भी नही जले।